# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्य मंजरी
## शैक्षिक गीतों का संकलन




# एक भारत देश

•शिक्षा का उत्थान•
मिशन शिक्षण संवाद
•शिक्षक का सम्मान•

**संकलन- काव्य मंजरी टीम**

**मिशन शिक्षण संवाद**

Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## आंध्र प्रदेश

1




आंध्र प्रदेश भारत का,
चौथा सबसे बड़ा राज्य।
और लंबे से समुद्र तट पर,
फैला इसका साम्राज्य।

भाषा यहाँ की तेलगु,
नृत्य कुचिपुड़ी।
राज्य चिन्ह- चिंकारा,
नीलकंठ, कबड्डी और कुमुद।



जलवायु गर्म-नर्म यहाँ की,
सर्दियाँ हैं बहुत अच्छी।
धान का कटोरा कहलाता,
यह बात है बिल्कुल सच्ची।

कृष्णा, गोदावरी प्रमुख नदियाँ,
ढेर सारे हैं सिनेमा हॉल।
विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा और
तिरुपति में करते सब खूब धमाल।

रचना
रेनू (स०अ०)
प्रा०वि० कूँडी
बड़ागाँव, वाराणसी



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## अरुणाचल प्रदेश

02




ईटानगर राजधानी इसकी,
'उगते सूर्य का पर्वत' है।
20 फरवरी 1987 बना,
नाम अरुणाचल प्रदेश है।।

असम, नागालैंड, म्यांमार,
तिब्बत और भूटान ने घेरा।
राज्य पशु बना गौर,
राज्य पक्षी हॉर्नबिल का बसेरा।।



छठे दलाई लामा की जन्मस्थली,
लामा परम्परा को माने।
सूर्य, चंद्रमा पूजे जाते,
राज्य पुष्प आर्किड को जानें।।

चावल प्रमुख फसल है इसकी,
सीढ़ीदार खेत हैं शान।
सफेद पंखों वाली बतख, स्केलर,
क्लेरियन और मोनल इसकी शान।।

रचना- कविता गुप्ता (स०अ०)
पू०मा० विद्यालय बिसाहुली
इगलास, अलीगढ़



Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## असम

03



उत्तर-पूर्वी भारत में एक राज्य है,
राजधानी इसकी दिसपुर है।
कामरूप भी इसको कहते थे,
बच्चों! इसको असम अब कहते हैं।

ग्रीष्म सी भीषणता यहाँ नहीं होती,
आर्द्रता वर्ष भर अधिक है रहती।
ब्रह्मपुत्र है यहाँ की प्रमुख नदी,
चाय की खेती यहाँ बहुत ही होती।



बिहू है यहाँ का प्रमुख त्योहार,
असम में रेशम के हैं कई प्रकार,
पीठा और तिल लड्डुओं से,
उत्सवों में आ जाती बहार।

झूमर यहाँ का प्रमुख संगीत,
कामरुपिया है लोकगीत।
ढोल नगाड़ों के साथ नाचे- गाएँ,
समता सद्भाव है यहाँ की रीत।

**रचना-** प्रतिभा भारद्वाज (स०अ०)
पू०मा०वि० वीरपुर छबीलगढ़ी
जवां, अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

04

## बिहार राज्य




देश के पूर्वी भाग में स्थित एक राज्य बिहार है,
राजधानी है पटना और 94,163 वर्ग किमी. विस्तार है।
इससे अलग जा बने झारखंड और उड़ीसा राज्य हैं,
क्षेत्रफल की दृष्टि से 13 वाँ राज्य बना बिहार है।।

इतिहास गाथा में वर्णित इसका बहुत बड़ा विस्तार है,
वैदिक काल से संस्कृति और कला केंद्र का अंबार है।
बुद्ध और महावीर की पावन जन्मस्थली का प्रचार है,
हरयंक, अजातशत्रु, अशोक, मौर्य जैसे राजाओं का भंडार है।।

गुप्त-मौर्य काल में रहा यह स्वर्ण भारत का आधार है,
नालन्दाऔर विक्रमशिला से हुआ शिक्षा का प्रचार है।
आजादी संग्राम में भी प्रथम सिपाही विद्रोह का निर्माण है,
भारत छोड़ो आन्दोलन और चंपारण ने आजादी को दिया आधार है ।।

हिन्दी भाषी लोगों का 38 जिलों से बना राज्य बिहार है,
गंगा, घागरा, गंडक, सोन नदियों की बहती यहाँ जलधार है।
वैशाली, राजगीर, पावापुरी,बोधगया सीतागढ़ी से सजी हुई भूमि-संसार है,
ऐसा सुंदर ऐतिहासिक ज्ञानी और वीरों की भूमि वाला राज्य बिहार है।।



रचना
दीपिका जैन (स०अ०)
प्रा० वि० बनगवां
सालारपुर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## छत्तीसगढ़

05




उत्तर प्रदेश उत्तर में इसके,
आंध्र- तेलंगाना दक्षिण में।
मध्यप्रदेश उत्तर-पश्चिम में,
छत्तीसगढ़ भारत के दिल मे।

इस्पात, विद्युत का प्रमुख केंद्र,
सतपुड़ा इसकी पहचान है।
महानदी है प्रमुख नदी,
बस्तर जंगल विशाल है।




सन 2000 में जन्म लिया,
भारत का 26 वां राज्य बना।
28 जिलों का ये गुलदस्ता,
तेजी से विकसित प्रांत बना।

भाषा हिंदी- छत्तीसगढ़ी है,
लोकगीत भोजली और पंडवानी है,
अनेक जनजातियों के वास यहाँ,
रायपुर इसकी राजधानी है।




रचना- दीपक कौशिक (स0 अ0 )
प्राथमिक विद्यालय भीकनपुर बघा
विकास क्षेत्र- कुंदरकी
जनपद- मुरादाबाद


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

06

## गोवा



क्षेत्रफल में सबसे छोटा,
भारत का एक राज्य महान।
पणजी इसकी राजधानी,
गोवा है इसका नाम।।



राजभाषा कोंकणी है,
गोपराष्ट्र पुरातन नाम।
1987 इसका गठन,
गाय चराना उनका काम।।




प्रिय खेल,
फुटबॉल है भाता।
मांडवी प्रमुख,
नदी में आता।।

पुर्तगाली वास्तुकला,
प्राचीन संस्कृति इसमें गढ़ी।
पर्यटन की प्रमुख कड़ी,
इसी भूमि से है जुड़ी।।



रचना- आयुषी अग्रवाल (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय शेखूपुर खास
कुन्दरकी (मुरादाबाद)

# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## गुजरात

7



देखो आज गुजरात घुमाएँ,
जहाँ चम्पारण और अहमदाबाद भी पाएँ।
पतंग महोत्सव में विदेशों तक नाम कमाया,
खांडवी, ढोकला, थेपला देख मुँह में पानी बहुत आया।।





राजधानी इसकी गांधीनगर बनायी,
राष्ट्रपिता की खूब याद दिलायी।
गुजरात बना पर्यटक स्थल,
बहुत भाये किले सोनभद्र, पावागढ़।।





खंडहर हुआ चम्पानेर किला,
फिर भी भाता यह मन को बड़ा।
शीशे में इसने नाम कमाया,
गुजराती मूंगफली देख मुँह में पानी बहुत आया।।

गुजराती बनी राज्यभाषा इसकी,
प्रसिद्धि इसमें नरसी मेहता की।
गठन हुआ एक मई उन्नीस सौ साठ,
तब बन गया यह भारत का एक अलग राज्य।।

रचना- कल्पना कुमारी (स०अ०)
क० मॉ० प्रा० स्कूल हाजीपुर फतेह खान
धनीपुर, अलीगढ़



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

8

## हरियाणा

हरियाणा में चलें घूमने,
चण्डीगढ़ है राजधानी।
खेलों में है सबसे आगे,
तीरन्दाजी या पहलवानी।।



चण्डीगढ़ में पर्यटन स्थल,
सुखना झील और रोज गार्डन।
नाडा साहिब, बोगनविलिया,
बड़ा मनोहर रॉक गार्डन।।

कमीज-सलवार पहने नारी,
नर पहने धोती-कुर्ता, पगड़ी।
बोली है इनकी हरियाणवी,
खाएँ मक्का, बाजरा, खिचड़ी।।





महाभारत का कुरुक्षेत्र यहाँ,
कौरव-पाण्डव में युद्ध हुआ।
श्री कृष्ण ने अर्जुन को,
यहीं गीता का उपदेश दिया।।



रचना- नरेंद्र कुमार वर्मा (प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय बझेड़ा,
चंडौस, अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान


# Mission Shikshan Samvad


# एक भारत देश

## हिमाचल प्रदेश

09

शिमला देखो इसकी राजधानी,
पहाड़ों से सुसज्जित है कहानी।
जाखू टेम्पल शोभा बढ़ाता,
ट्वाय ट्रेन सबको लुभाता।।





रिज मालरोड सब हैं घूमते,
ठंडी हवा में पर्यटक झूमते।
मनाली में व्यास नदी बहती,
ठंडी धाराएँ कुछ हैं कहती।।




तारा व काली बाडी मंदिर,
देखो बढाते इसकी शोभा।
लक्कड़ बाजार में मिलता,
प्यारा नक्काशीदार सोफा।।

मनाली के बीच में देखो,
ऊंचा रोहतांग दर्रा स्थित है।
यहीं पर आकर घूमो तुम,
सोलांग घाटी अवस्थित है।।

रचना
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## झारखंड

10






आओ बच्चो तुम्हें सुनाऊँ,
झारखंड की बानी।
भारत के  उत्तर में बसता,
रांची इसकी राजधानी।।

दामोदर, स्वर्ण, बरकार,
ब्रहमाणी औ मयूराक्षी।
सोन, कोयल, पुनपुन, सकरी,
सबका मन हरतीं।।

संथाल, बंजारा, ककेरा रहती,
प्रमुख जातियां यहाँ पर।
छऊ, झूमर, फगुआ नृत्य कर,
त्यौहार मनाते यहाँ पर।।

जंगली साग,मालपुआ,
पीठा, चावल, लिट्टी-चोखा।
बैद्यनाध, विधुधाम, मालुती,
जगन्नाथ सबके आकर देखा।।

रचना- ललिता कुमारी वर्मा (स0अ0)
पू0 मा0 वि0 रजानगर
लोधा,अलीगढ़।



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश



## "कर्नाटक प्रदेश"

11

कर्नाटक भारत का राज्य, दक्षिण-पश्चिम का,
राज्य पुनर्गठन अधीन, 1956 में गठित हुआ।
पहले यह मैसूर-राज्य, श्रेष्ठ शासकों का था,
1973 में नया नाम इसे, दिया कर्नाटक था।।





भाषा-कन्नड़, भरतीय पहनावा, राजधानी बेंगलुरु,
संस्कृति में विभिन्न रंग, घोलते यहाँ तिब्बती-बौद्ध।
प्रधान नृत्य भरत नाट्यम, कर्नाटक का बन गया,
मौर्य-काल अभिलेखों से खोज, बौद्ध-धर्म ज्ञात हुआ।।

त्यौहार मकर-संक्रांति, बसंत-पंचमी, नाग-पंचमी,
गणेश-चतुर्थी मुख्य, दीपावली, मनाते यहाँ सभी।
पश्चिम अरब-सागर, उत्तर महाराष्ट्र, पूर्व में आंध्र-प्रदेश,
तीस-जिले हैं छठा बड़ा-राज्य, दक्षिण में केरल-प्रदेश।।

राज्यपाल है वाजूभाई वाला, मुख्यमंत्री वी.एस. येदियुरप्पा,
उपमा, डोसा, मद्दूर-बड़ा, मैसूर-पाक भोज्य-मीठा।।
कर्नाटक शिल्प, संस्कृति, सौंदर्य का बना है प्रतीक,
"जोगप्रपात" का निनाद, तटीय-क्षेत्र सुंदर 'कुरुमगढ़' द्वीप।।

रचनाकार- नैमिष शर्मा (स०अ०)
परि० सं० (पू०मा०) विद्यालय- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## केरल

12





चलो चलें करें हम बात,
दक्षिण भारत के हिस्से की।
सुन लो केरल है नाम इसका,
तिरुअनंतपुरम राजधानी जिसकी।।

चेरलम नाम पुराना इसका,
भाषा इसकी मलयालम।
कहलाए 'ईश्वर का अपना देश',
आयुर्वेद का भी नया है आलम।।

यहाँ है मंदिर पदमनाभास्वामी,
श्री विष्णु जहाँ विराजते।
दुनिया से आते पर्यटक,
आकर इन्हें है पूजते।।



दूसरा सबसे बड़ा जगत का तीर्थ,
मंदिर शबरीवाला जिसका नाम है।
मुन्नार की ठंड, चाय के बागान भी,
चावल, इडली, डोसा से सजती सुबह-शाम है।।



रचना
प्रतिमा पोद्दार (स०अ०)
प्रा०वि० मनोहरपुर कायस्थ
लोधा, अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

13

## मध्य प्रदेश



सबसे अच्छा, सबसे प्यारा मेरा भारत देश है,
भारत के ही बीचो-बीच में बसता मध्यप्रदेश है।
मध्यप्रदेश की धरती का ही जलवा चारो ओर है,
राजधानी भोपाल है, सबसे स्वच्छ शहर इंदौर है।।

बरगद राजकीय वृक्ष और लिली राजकीय फूल है,
बारहसिंगा पशु राज्य का पक्षी शाह बुलबुल है।
पाँच राज्यों से सीमाएँ मध्यप्रदेश की लगती हैं,
नर्मदा,सोन, शिप्रा, बेतवा नदियाँ यहाँ पे बहती हैं।।

कान्हा, माधव, पेंच, पन्ना ये राष्ट्रीय उद्यान हैं,
प्रमुख रूप से यहाँ बाघ के संरक्षण का ध्यान है।
महाकाल, ओंकार प्रभु, माँ विंध्यवासिनी यहीं पे हैं,
मैहर देवी और माँ पीताम्बरा का मंदिर यहीं पे है।।

खजुराहो, साँची स्तूप, ग्वालियर किला यहीं पे हैं,
तात्या टोपे और "आजाद" भी जन्मे इसी जमीं पे हैं।
रानी लक्ष्मी बाई जिसने देश पे सब कुछ वार दिया,
उस महान नारी ने मध्य प्रदेश में ही अवतार लिया।।



रचना- पीयूष त्रिवेदी (स०अ०)
संविलयित विद्यालय भैनामऊ
वि०ख०सुरसा (हरदोई)

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## महाराष्ट्र

14



भारत में एक राज्य महान,
महाराष्ट्र है उसका नाम।
महा+राष्ट्र से मिलकर बना,
संतों ने इसे दिया था नाम।।

राजधानी है इसकी मुंबई,
कहलाती है मायानगरी।
भारत का सबसे बड़ा शहर,
फिल्मी जगत की अद्भुत डगरी।।

यह नगरी है बड़ी कमाल,
पर्यटन का फैला जाल।
कोई तो है मालामाल,
कोई यहाँ भूखा कंगाल।।

अजंता एलोरा की अद्वितीय गुफाएँ,
सिद्धिविनायक घूमने आए।
लावणी इसका मन को भाये,
शिरडी के फिर दर्शन पाएं।।



रचना
हेमलता गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़

# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

15

## मणिपुर




सेवन सिस्टर्स में से एक,
मणिपुर ये राज्य है।
भारत का ये अभिन्न अंग ये,
भारत का ये अभिमान है।।

उत्तर में नागालैंड,
दक्षिण में मिजोरम।
पश्चिम में असम,
राज्य इसे घेरे है।।




इम्फाल यहाँ की राजधानी,
कृषि प्रमुख आर्थिक साधन है।
इम्फाल, बराक नदियाँ हैं यहाँ,
टेम्पु प्रमुख पर्वत चोटी है।।

नागा प्रमुख जनजाति यहाँ,
मणिपुरी राज भाषा है।
पूर्व में व्यापार करने को यह,
भारत का प्रमुख द्वार है ।।



रचना- निहारिका शर्मा (स० अ०)
प्र०वि० महमूदपुर तिगरी,
भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## मेघालय

16




मेघों के आलय को कहते,
हम सब मेघालय।
21 जनवरी 1972 को,
अस्तित्व में आया मेघालय।।

असम के दो जिलों को काटकर,
गठन किया मेघालय।
राजधानी शिलांग है जिसकी,
वह प्यारा है मेघालय।।

मातृवंशीय प्रणाली चलती है जहाँ पर,
वह है निराला मेघालय।
जहाँ की बेटी बेटों से ना कम है,
वह अद्धभुत है मेघालय।।

जहां अंग्रेजी अधिकारिक भाषा है,
वो है राज्य मेघालय।
नोंगरेम, लाहो, शाद, शुक नृत्य जहाँ का,
वह है न्यारा मेघालय।।

चावल, मक्का मुख्य फसल के लिए,
जाना जाता मेघालय।
देख नदियाँ, पर्वत, झरने मन हर्षावे,
वह प्यारा है मेघालय।।




रचना- नीलम सिंह (स०अ०)
पू०मा०विद्यालय रतनगढ़ी
हाथरस, हाथरस।


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

17

## मिजोरम



भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित,
इसका एक सुन्दर राज्य मिजोरम है।
पहाड़, हरी-भरी घाटियाँ, घुमावदार नदियाँ,
प्राकृतिक छटा यहाँ की मनोरम है।।

आइजोल शहर इसकी राजधानी,
श्री जोरामथंगा यहाँ के सी० एम० हैं।
गवर्नर हैं श्री पी० एस० श्रीधरन पिल्लई,
अति मनभावन यहाँ के मौसम हैं।।





चापचार कुट, प्रमुख त्यौहार यहाँ का,
बसन्तोत्सव के रूप में मनभावन है।
झूम खेती के मेहनत भरे कठिन कार्य के बाद,
मनाते हर साल इसे मार्च में सभी जन हैं।।

मुख्य धर्म है ईसाई यहाँ के लोगों का,
प्रसिद्ध लोक संगीत से करते मनोरंजन हैं।
33% भाग घने, अंधेरे जंगलों से घिरा,
बड़ा ही कठिन यहाँ का जनजीवन है।।

लुसाई, पोई, पवाई, राल्ते, पांग जनजातियाँ,
यहाँ की मूल निवासी, चावल इनका भोजन है।
विदेशी वनस्पतियों के झुरमुट, कलकल करते झरने,
प्रकृति प्रेमियों के लिए यह स्थान स्वर्ग के सम है।।

रचना- जितेन्द्र कुमार (स०अ०)
प्रा० वि० धनौरा सिल्वर नगर-1
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

18

## नागालैंड

नागालैंड भारत का उत्तरी पूर्वी राज्य,
हुआ 1 दिसंबर 1963 को प्रादुर्भाव।
सीमा पश्चिम में असम से मिलती,
अरुणाचल में उत्तर से मिलती।।



पूर्व में बर्मा देश है होता,
दक्षिण में यह मणिपुर से मिलता।
क्षेत्रफल 16579 वर्ग किलोमीटर,
कोहिमा है राजधानी सुंदर।।



पर्वतों की नगरी, है प्यारी,
माउंटसारावती है, सबसे न्यारी।
प्रमुख फसल है, चावल, मक्का,
मंगोल नस्ल की, है प्रमुखता।।

भाषाएँ 36 है प्रचलित,
बोली जाती अंग्रेजी अधिकाधिक।
16 जनजातियाँ हैं रहती,
आओ प्रमुख जनजाति है होती।।



**रचना**

सुमन पांडे (प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर

Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

**19**

## उड़ीसा



भारत के दक्षिण में सोहे सुन्दर राज्य उड़ीसा,
एक अप्रैल 1936 जिसका गठन हुआ था।।
है भुवनेश्वर राजधानी पावन स्थान सुनो जी।
दल्खई, छाऊ लोकनृत्य इसको भी जरा गुनो जी।।
श्री नवीन पटनायक जी मुख्यमन्त्री हैं वर्तमान।
और एस सी जमीर जी राज्यपाल हैं वर्तमान।।
कलिंग और उत्कल, ओडीशा नाम इसी के कहते।
ओड़िया राजभाषा है इसकी बोंडा लोग हैं रहते।।



लिंगराज और काला पगोड़ा मन्दिर यहीं विराजें।
जगन्नाथ जी स्वयं पुरी में सदा सुशोभित राजें।।
आमतौर पर धोती-कुर्ता पुरुष यहाँ के पहनते।
और गले में गमछा भी हैं लोगों के तन रहते।।
बोमसाई और कटकी साड़ी है महिलाओं का परिधान।
त्यौहारों पर गहनों को भी देती हैं महिलाएं मान।।
मूर्तिकला और वास्तुकला, संगीत और चित्रकलाएँ।
शिल्प कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा है बिखराएँ।।
दलहन, जूट और गन्ना, नारियल, चावल लोग उगाते।
खेती, पशु-पालन और कुटीर उद्योगों से जीविका चलाते।।
मौर्यकालीन सम्राट अशोक की पावन ये धरती है।
ब्राम्हाणी, सालंदी, महानदी नदियाँ यहाँ बहती



रचना- शिखा वर्मा (स०अ०)
पूर्व मा० विद्यालय स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

# एक भारत देश



## पंजाब प्रांत



उत्तर पश्चिम भाग में स्थित,
पश्चिम में पाकिस्तान है ।
उत्तर में जम्मू-कश्मीर और,
दक्षिण में राजस्थान है।।



उद्योगों में कृषि प्रमुख है,
गेहूँ उपज में अव्वल है।
इस्पात कारखाने बहुतायत से,
इस्पात नगरी गोविंदगढ़ है।।



चंडीगढ़ राजधानी यहाँ की,
बैसाखी फसल का त्योहार है।
गुरु नानकदेव की भक्ति शिक्षा,
गुरु गोविंद सिंह का त्याग है।।



देश हो अपना या विदेश हो,
पंजाब ने परचम लहराया है।
स्वतंत्रता संग्राम में सिक्खों ने,
अभूतपूर्व जोश दिखलाया है।।



रचना- डॉ० नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल, बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण- उन्नाव

# एक भारत देश

## राजस्थान





सारी दुनिया में चमके, नाम, हिन्दुस्तान को।
चमके वैसे सारे देश में, नाम राजस्थान को।।



चुनरी है मशहूर यहाँ की,
मशहूर यहाँ का चूड़ला।
घाघरा-चोली है पहनावा,
माथे पर बोड़ला।।

'घड़ी खम्मा' कहके, धोक देवें, हर अनजान को।
चमके वैसे सारे देश में, नाम राजस्थान को।।




पिंक-सिटी, जयपुर कहलाता,
जो है राजधानी।
महल बने हैं इतने सुंदर,
देख होती है हैरानी।।

पद्मावती ने किया था जोहर, बचाने सम्मान को।
चमके वैसे सारे देश में, नाम राजस्थान को।।



रचना- श्रीमती पूनम गुप्ता
(स०अ०) प्रा० वि० धनीपुर,
धनीपुर, जनपद अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## सिक्किम

22




गंगटोक राजधानी जिसकी,
सिक्किम उसका नाम।
भारत का यह प्रांत बाईसवाँ,
पर्वतीय स्थान।।

पूर्वोत्तर भाग में स्थित,
अंगूठे आकार का।
छूती सीमा नेपाल, तिब्बत,
भूटान, बंगाल का।।

भाषाएँ गोर्खा, लेप्चा, भूटिया, लिंबू, हिन्दी,
लिखित रूप में हो प्रयोग व्यवहार में अंग्रेजी।

प्राकृतिक सुन्दरता लिए स्वच्छ और सुन्दर है,
वादियां मनमोहक यहाँ, पर्यटन स्थल है।

राजनीतिक स्थिरता, जैव विविधता है भरपूर,
कंचनजंगा चोटी देखें जाएँ यदि जरूर।



रचना
अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा०वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी

Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

23

## तमिलनाडु

तमिलनाडु भारत देश का,
राज्य बड़ा ही खास है।
महानगर चेन्नई राजधानी,
इसके ही तो पास है।।






महिलाएँ साड़ी पहनती और,
लुँगी पुरुषों की भाती है।
भाषा तमिल बड़ी ही न्यारी,
यहाँ सभी को सुहाती है।।

राज्यपाल बनवारी लाल जी,
सी.एम. पलानीस्वामी प्यारे हैं।
द्रविड़ कला के मंदिर यहाँ के,
दुनिया भर से न्यारे हैं।।

इडली डोसा सांभर खाते,
नारियल, तम्बाकू, चाय उगाते हैं।
मदुरै, ऊटी जो भी घूमें,
मन मे अति हर्षाते हैं।।

कन्याकुमारी और रामेश्वरम,
बहुत प्रसिद्ध स्थान हैं।
भरतनाट्यम है नृत्य यहाँ का,
दिलाता जग में सम्मान है।।

रचना- अशोक कुमार (स0अ0)
कम्पोजिट विद्यालय रामपुर कल्याणगढ,
मानिकपुर, चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

24

## तेलंगाना




2014 में जब हुआ बटवारा,
तेलंगाना राज्य बना तब प्यारा।
दक्षिण और पूर्व में जिसके आंध्र प्रदेश हो,
पश्चिम में कर्नाटक और उत्तर में छत्तीसगढ़ हो।।

1,14,840 वर्ग कि. मी. क्षेत्रफल है इसका,
तेलुगू भाषियों की भूमि अर्थ है जिसका।
कांवला वन्य जीव यहाँ पर है स्थित,
33 जिलों से मिलकर बना राज्य व्यवस्थित।।

कृष्णा और गोदावरी नदियाँ है बहती,
तुंगभद्रा परियोजना जहाँ लाभ है देती।
उगादी और नागला जहाँ के प्रमुख त्योहार है,
पोच्चपल्ली साड़ी वहाँ का प्रमुख परिधान है।।

ओग्लु कथा लोकगीत गायन है,
पुरुषों का नृत्य पेरिनी थाड़वम है।
सज्जा रोटी  बड़े चाव से है खायी जाती,
तेलगु और उर्दू राज्यभाषा है कहलाती।।

रचना- आकांक्षा मिश्रा (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय सिकन्दरपुर
सुरसा, हरदोई

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## त्रिपुरा

25



ययाति वंश का 39 वाँ राजा,
नाम था जिनका त्रिपुर नरेश।
राज्य का त्रिपुरा नाम पड़ा,
जिसके गवर्नर रमेश बैस।।

राजधानी अगरतला है,
बंगाली, त्रिपुरी भाषा है।
त्रिपुर सुन्दरी का मंदिर,
51 शक्तिपीठों में आता है।।

यहाँ के शासक को फ़ा कहते,
जिसका अर्थ पिता होता।
यहाँ के C.M.विप्लव देब है,
भाजपा से जिनका नाता।।

म्यांमार की नदी घाटियों,
तीन ओर से घेरे बांग्ला देश।
1972 में पूर्ण राज्य का दर्जा,
पहले था केंद्र शासित प्रदेश।।

मुगलों से था युद्ध किया,
और अंग्रेजों से यारी।
राजशाही ने कर ली थी,
पाक में जाने की तैयारी।

जनसंख्या है 40 लाख,
तीजे नम्बर का छोटा प्रदेश।
क्षेत्रफल 10491 वर्ग किमी.,
प्रकृति सुन्दरी धारे वेश।।


रचना
आर.के. शर्मा (प्र.अ.)
UPS, चित्रवार
क्षेत्र- मऊ, चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## उत्तर प्रदेश

26



उत्तर प्रदेश भारत के,
28 राज्यों में एक है।
उत्तर प्रदेश में 75 जिले,
18 मण्डल का समावेश है।।



उत्तर प्रदेश की राजधानी,
लखनऊ मानी जाती है।
सबसे अधिक जनसंख्या,
उत्तर प्रदेश की जानी है।।

24 जनवरी 1950 को,
स्थापना दिवस माना जाता।
उत्तर प्रदेश देश का सबसे,
बड़ा प्रदेश माना जाता।।

हिन्दी भाषा बोली इसकी,
मुख्य व्यवसाय कृषि है।
ताज महल, बुलन्द दरवाजा,
आनन्द भवन इमारतें प्रसिद्ध हैं।।

रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौरी-1
मानिकपुर, चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## उत्तराखंड

27

एक राज्य जो सबसे न्यारा,
देवभूमि इसे कहे जग सारा।
नाम उत्तराखंड है जिसका,
ग्रंथों में भी जिक्र है इसका।।




भारत के उत्तरी हिस्से में,
गठन 9 नवंबर 2000 में।
गंगा यमुना का उद्गम स्थल,
ऋषिकेश यहाँ का योग स्थल।।

नेपाल, तिब्बत, हिमाचल प्रदेश,
सीमा लगती इसकी उत्तर प्रदेश।
देहरादून राजधानी इसकी,
संस्कृत हिंदी भाषा यहाँ की।।

कस्तूरी मृग राज्य पशु कहलाए,
ऋषि मुनि यहाँ की महिमा गाए।
चार धाम यहाँ सबसे न्यारे,
नैनीताल, हरिद्वार, पर्यटन प्यारे।।

रचना - मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद, हाथरस



Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

28

## पश्चिम बंगाल

उठो देश के भविष्य उठो,
और जान लो अपने राज्यों को।
सब राज्यों में जान लो,
तुम पश्चिम बंगाल को।।




इसकी धरा सुनहरी,
और संस्कृति पहचान लो।
क्रांति की लौ उठी थी जहां से
उस राज्य को पहचान लो।।

ममता बनर्जी मुख्यमंत्री
जगदीप धनखड़ राज्यपाल
इन्हें भी पहचान लो।
ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है जो,
राजधानी कोलकाता उसकी जान लो।।

हावड़ा ब्रिज, सुंदरवन नेशनल पार्क,
पर्यटक स्थल भी तुम जान लो।
विक्टोरिया मेमोरियल, दार्जिलिंग
ईडन गार्डन और सिलीगुड़ी भी घूम लो।।

भाषा है बंगाली जिसकी,
उस राज्य को पहचान लो।
उठो देश के, भविष्य उठो,
और जान लो, अपने राज्य को।।




रचना- सुनीता यादव (स०अ०)
कंपोज़िट विद्यालय भिठिया चिचड़ी
गिलौला, श्रावस्ती


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# मिशन शिक्षण संवाद

## ~ रचनाकारों की सूची ~

1- रेनू जी वाराणसी
2- कविता गुप्ता, अलीगढ़
3- प्रतिभा भारद्वाज, अलीगढ़
4 - दीपिका जैन, बदायूँ
5 - दीपक कौशिक, मुरादाबाद
6 - आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
7- कल्पना कुमारी, अलीगढ़
8 - नरेन्द्र कुमार वर्मा, अलीगढ़
9- सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
10- ललिता वर्मा, अलीगढ़
11 - नैमिष शर्मा, मथुरा
12- प्रतिमा जी, अलीगढ़
13- पीयूष त्रिवेदी, हरदोई
14- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
15- निहारिका शर्मा, मुरादाबाद
16- नीलम सिंह, हाथरस
17- जितेंद्र कुमार, बागपत
18- सुमन पांडेय, फ़तेहपुर
19- शिखा वर्मा, सीतापुर
20- डॉ० नीतू शुक्ला उन्नाव
21- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
22- अरविंद कुमार सिंह
23- अशोक कुमार, चित्रकूट
24- आकांक्षा मिश्रा, हरदोई
25- R.K शर्मा, चित्रकूट
26- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
27- मंजू शर्मा हाथरस
28 - सुनीता यादव, श्रावस्ती

मार्गदर्शन ~ आर.के.शर्मा, चित्रकूट

~ संकलन ~

काव्य मंजरी टीम, मिशन शिक्षण संवाद

Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## लद्दाख

01




31अक्टूबर, 2019 को बने,
दो नए केंद्रशासित राज्य।
एक था जम्मू-कश्मीर,
तो दूसरा था लद्दाख।।

लद्दाख राज्य में है,
दो जिलों का दिल।
एक तो राजधानी लेह,
दूसरा प्यारा कारगिल।।



लद्दाखी महिलाएँ पहनें,
कनटॉप और बॉक।
तो लम्बा परिधान गौचा,
है पुरुषों की पोशाक।।

लद्दाख का नृत्य है शाही,
शोन्डोल है नाम।
ये नहीं है साधारण,
इसे मिला गिनीज़ बुक में नाम।।

लद्दाख की मुख्य भाषा है लद्दाखी,
जो भोटी भी कहलाये।
पर बालती, तिब्बती और उर्दू भी,
यहाँ पर बोली जायें।।



रचना- शिखा मिश्रा (स०अ०)
उ०प्रा०वि०नयाखेड़ा
सि०सरोसी
उन्नाव

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## केन्द्र शासित प्रदेश- जम्मू और कश्मीर 02

जम्मू और कश्मीर है, जो केसर से भरपूर है।
जो हर बात में मशहूर है, यह तो भारत का कोहिनूर है।।



भारत का है यह सरताज,
जिसे पाने को हर कोई मोहताज।
राष्ट्रीय पशु है कश्मीरी स्टैग,
कश्यप ऋषि से ही है कश्मीर का स्वर्ग।।

सिन्धु, सतलज, रावी, व्यास,
नागिन झील से ना हो उदास।
वूलर झील का मीठा पानी,
वैष्णो धाम का गुन गावे हर बानी।।

सौंदर्य अनोखा रूप निराला,
हर हाथ में होता कहवा का प्याला।
लोहड़ी, बैसाखी और नवरात्रि,
मुस्लिम पर्व और मनाएँ महाशिवरात्रि।।

हिन्दी, उर्दू , इंग्लिश, डोंगरी,
और जन बोले हैं कश्मीरी।
पूट्स और फेरंस है पहनावा,
रउफ नृत्य वुमेन्स है दिखलावा।।

अगस्त 2019 को
संघ शासित प्रदेश हुआ,
लेह, लद्दाख छोड़
17 जिलों में समावेश हुआ।
श्री मनोज सिन्हा जी उपराज्यपाल,
जिन्होंने लिया प्रदेश को सँभाल।।

रचना -
सुमन मौर्या (स०अ०)
प्रा० वि० डेरवांखुर्द,
चहनियां, चंदौली।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## चण्डीगढ़

3

चण्डीगढ़ की विशेषता, तुमको बताते हैं हम।
चण्डीगढ़ नहीं शहरों में, किसी से कम।।



शिवालिक पहाड़ियों में,
बसा हुआ है चण्डीगढ़।
1 नवम्बर 1966 को केंद्र शासित,
प्रदेश बनाया चण्डीगढ़।।

देवी चण्डी के नाम से रखा,
इसका नाम चण्डीगढ़।
आठ हजार साल पुराना,
इतिहास है जिसका वह है चण्डीगढ़।।

पंजाब, हरियाणा दो राज्यों की,
राजधानी चण्डीगढ़।
हड़प्पा सभ्यता के लोग रहते थे,
जहाँ पर वह है चण्डीगढ़।।



जहाँ गुलाब त्यौहार मनाया जाता,
वह है भैया चण्डीगढ़।
भारत के सबसे हरे-भरे शहर के रूप में,
सम्मानित हुआ चण्डीगढ़।।

रोक, रोज, वोटेकिल गार्डन के लिये,
जाना जाता चण्डीगढ़।
सूचना अधिकार कानून के प्रावधान को,
सबसे पहले लागू करने वाला चण्डीगढ़।।

भारत का अदभुत शहर है।
सुन लो भैया चण्डीगढ़।।


रचना- पतिराम सिंह (इं०प्र०अ०)
पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतनगढी
हाथरस, हाथरस


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## केन्द्र शासित प्रदेश- दिल्ली

04

दिल्ली भारत की राजधानी है,
विश्व धरोहरों की महारानी है।
इसका इतिहास बड़ा रोचक है,
पुराणों में लिखी ये कहानी है।।



मुख्यमन्त्री यहाँ के केजरीवाल,
अनिल बैजल यहाँ राज्यपाल।
यमुना नदी के किनारे स्थित है,
मुख्य सल्तनतों का बिछा जाल।।

इन्द्रप्रस्थ नाम से जो था मशहूर,
पूरे भारत का था जो कोहिनूर।
नौ जिलों में दिल्ली है बंटी हुई ,
दिल्ली देखने का सबको सुरूर।।

1443 वर्ग किलोमीटर में फैला है,
जनसँख्या में दूजा राज्य अलबेला है।
विभिन्न खान पान का यहाँ मिश्रण है,
हथकरघा,हस्तशिल्प का यहाँ मेला है।।

राष्ट्रपति भवन,और संसद भवन,
जन्तर-मन्तर, ताल कटोरा गार्डन।।
अक्षर धाम मन्दिर, क़ुतुब मीनार,
हम सबके लिए हैं ये मनभावन।।

रचना-
भुवन प्रकाश (इं०प्र०अ०)
प्रा०वि०पिपरी नवीन
मिश्रिख,सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## दादरा और नगर हवेली

5

दादरा और नगर हवेली, भारत का ही एक क्षेत्र है,
यह पहले केन्द्र शासित था, अब दमन दीव का भाग है।
राजधानी सिलवासा राजभाषा हिन्दी, गुजराती, मराठी,
दक्षिण-भारत में महाराष्ट्र और, गुजरात के बीच स्थिति।।

1779 तक मराठी शासन, 1954 तक पुर्तगाली शासन था,
11 अगस्त 1961 को भारत में, इसे शामिल किया।
आदिवासियों का क्षेत्र यह, आरक्षित वनों से घिरा हुआ,
नाना प्रकार की वनस्पति, पशु, समुद्र तटों की समीपता।।







दमनगंगा प्रमुख नदी जो, अरब-सागर से जा मिलती,
घने सुंदरवन जलवायु देख, पर्यटन क्षेत्र को प्राथमिकता दी।
तारापा-उत्सव, पतंग-उत्सव, विश्व पर्यटन दिवस आयोजित होते,
सार्वजनिक बैठक में "कर्मलकर" प्रथम प्रशासक यहाँ के बने।।

रचना- हरीकांत शर्मा (प्र०अ०)
परि० संवि० विद्यालयमुखरई
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## केन्द्र शासित प्रदेश- पुदुचेरी

6






चार जिलों से बना राज्य है,
पुदुचेरी इसका नाम।
आध्यात्मिक, धार्मिक दृष्टि से,
भी बड़ा है इसका नाम।।
उपराज्यपाल किरण बेदी हैं,
मुख्यमंत्री वी० नारायण स्वामी।
क्षेत्रफल वर्ग 492 किमी,
मद्रास उच्च न्यायालय नामी।।
जिले के जैसी भाषाएँ भी,
बोली जाती आधिकारिक।
तमिल, तेलुगू, मलयालम और,
फ्रांसीसी भी वैधानिक।।
फ्रांसीसी वास्तुशिल्प, संस्कृति,
की झलक मिलती है अब।
समुद्र तटों में वही सभ्यता,
आज देखने जाते सब।।



रचना- आराधना सिंह (प्र०अ०)
E.M.C.S. लोढ़वारा
चित्रकूट (उ०प्र०)

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## केन्द्र शासित प्रदेश- लक्षद्वीप

07



चलो बात करें लक्षद्वीप की,
राजधानी जिसकी कवरत्ती।
सबसे छोटे द्वीप समूह की,
छत्तीस द्वीपों के लक्षद्वीप की।।

कुछ द्वीप पानी में डूबे,
कुछ द्वीप रेतीले टापू।
कुछ द्वीपों पर बसती आबादी,
कुछ पर जिनके प्रवाल भित्ति।।

चलो बात करें एक सुन्दर द्वीप की,
बोली जिसकी मलयालम,अंग्रेजी।
रहते जहां माल्हा,मलयाली,
भाषा अद्भुत ,हर बात निराली।।

मध्यकाल में चोल बसे,
फिर बस गए किन्नौर।
किन्नौर राज्य को जीतकर,
पुर्तगाली बन गए सिरमौर।।

पुर्तगालियों को खदेड़कर,
मुस्लिम साम्राज्य का उदय हुआ।
फिर मुस्लिम को जीतकर,
टीपू सुल्तान का झण्डा बुलन्द हुआ।।

द्वितीय विश्व युद्ध में टीपू से लड़कर,
अंग्रेजों ने सुन्दर द्वीप को छीन लिया।
सन उन्नीस सौ छप्पन के शुभ दिन को,
आजाद भारत ने अपना बना लिया।।

रचना-
रजत कमल वार्ष्णेय (स०अ०)
प्रा०वि०खंजनपुर
इस्लामनगर,बदायूँ



Mission Shikshan Samvad

# एक भारत देश

## केन्द्र शासित प्रदेश- अंडमान निकोबार 08

572 द्वीपों का समूह,
लुभा देता है मन के तार को।
जी करता है यूँ ही घूमते रहें,
देखते रहे इन वादियों के सार को।।



जारवा जनजाति का यह,
प्राकृतिक निवास।
क्या-क्या नाम गिनाऊँ,
आखिर क्यों है यह खास।।



बैरन द्वीप यहाँ का,
है एक सक्रिय ज्वालामुखी।
लोग यहाँ समय बिता कर,
पाते खुद को बड़ा सुखी।।

राजधानी पोर्ट ब्लेयर हैवलॉक पर्यटन स्पॉट,
सेल्युलर जेल यहीं पर,जो है विख्यात।
मछली, केकड़ा, झींगा, खाते हैं बड़े चाव से।
–मनमोहक द्वीप, लोग रहते बड़े भाव से।।



रचना -
डॉ. उषा सिंह (स.अ.)
संविलियन विद्यालय भरथरा
काशी विद्यापीठ वाराणसी

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# मिशन शिक्षण संवाद

## ~ रचनाकारों की सूची ~

1- शिखा मिश्रा, उन्नाव
2- सुमन मौर्या, चंदौली
3- पतिराम सिंह, हाथरस
4- भुवन प्रकाश , सीतापुर
5- हरीकांत शर्मा, मथुरा
6- आराधना सिंह, चित्रकूट
7- रजत कमल वार्ष्णेय बदायूँ
8- उषा सिंह, वाराणसी

मार्गदर्शन ~ आर.के.शर्मा, चित्रकूट

~ संकलन ~

काव्य मंजरी टीम, मिशन शिक्षण संवाद